### एक नजर में

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ब्यावरा 27 अब्टूबर, का.** सोमवार की शाम को स्थानीय बायपास पर ट्रक की टक्कर से बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई . देहात पुलिस के अनुसार ग्राम मोल्टा तहसील पोलाईकलां जिला शाजापुर निवासी ज्ञान सिंह पिता गुलाब सिंह बाईक द्वारा जा रहे थे कि शाम करीब 4.45 बजे बायपास पर हुण्डाई शोरुम के समीप एक ट्रक ने बाईक को जोर की टक्कर मार दी . दुर्घटना में बाईक सवार ने गंभीर चोट के चलते दम तोड़ दिया . घटना के बाद ट्रक चालक मौके पर से फरार होने की जानकारी है . पुलिस ने चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है .

## युवा उत्सव का आयोजन 3 नवम्बर को

**राजगढ़ 27 अब्टूबर, का.** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में मनाने के निर्देश प्राप्त हुए है . वर्ष 195 से निरंतर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा एकीकरण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, कला और सांस्कृतिक पहलुओं को समझने और सराहने, एक-दूसरे की संस्कृतियों का अन्वेषण करना, पारंपरिक कला रूपों को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान तथा युवाओं को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु मंच प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन 01 से 12 जनवरी 2026 तक भारतमण्डपम, नई दिल्ली में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं हेतु विकसित भारत यंग लिडर्स डायलॉग के तहत् किया जा रहा है . संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती शर्मिला डावर ने बताया कि 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 के अन्तर्गत सांस्कृतिक और नवाचार थीम में जिला, संभाग, राज्य स्तर पर 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 07 विधा यथा भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी में प्रतिभागिता करेंगे . उक्त 07 विधाओं में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय पर 03 नवम्बर को प्रातः 9 बजे इण्डोर खेल परिसर में किया जाएगा . जिला स्तर पर युवा उत्सव में प्रतिभागिता करने के लिए युवाओं को ऑनलाईन तथा ऑफलाईन पंजीयन फार्म कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग राजगढ से प्राप्त कर 01 नवम्बर तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं .

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर 6 को

**ब्यावरा 27 अब्टूबर, का.** लायंस क्लब ब्यावरा के तत्वावधान में आगामी 6 नवंबर को नगर में एक विशाल नि :शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा . लायंस क्लब द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल के सौजन्य से विशाल नि :शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है . शिविर 6 नवंबर को वल्लभा परिसर राजगढ़ रोड ब्यावरा में आयोजित होगा . शिविर में चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे . विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी विभागों के लगभग 250 डॉक्टर के द्वारा नि :शुल्क परामर्श, उपचार एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी . आयुष्मानकार्ड धारक सहित जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उनका भी इलाज नि :शुल्क होगा .

# 30 दिन से नहीं हुई ईऑफिस पर लॉगिन

### कलेक्टर ने ब्यावरा तहसीलदार को लगाई फटकार, सीएम हेल्पलाईन में फिर खराब प्रदर्शन

- कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश
- अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों में खराब प्रदर्शन पर फटकार लगाई
- डीडीए पर पांच हजार का जुर्माना लगाया
- 7 कर्मचारियों की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए



### सभी कार्रवाई केवल ईऑफिस के माध्यम से ही हों

तहसीलदार ब्याावरा द्वारा ई-ऑफिस में 30 दिवस से अधिक समय तक लॉगिन नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए . कलेक्टर डॉ . मिश्रा द्वारा निर्देश दिए गए कि अब कोई भी फाइल मैनुअल रूप से न भेजी जाए, सभी कार्यवाही केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही की जाए . भावांतर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अनुविभागीय ( राजस्व ) अधिकारी और तहसीलदारों को प्रत्येक मंडी से विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए . बैठक में बताया गया कि समाधान शिकायतों को अब टीएल बैठक में शामिल किया जाएगा, ताकि उनकी गहन निगरानी और शीघ्र निराकरण सुनिश्चित हो सके .

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 27 अक्टूबर, का.** आगामी एक नवम्बर को मनाए जाने वाले मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के साथ-साथ विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई. बैठक में सी.एम. हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों के समाधान नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि इससे जिले की रैंकिंग पर नकारात्मक असर पड़ रहा है. साथ ही एल.डी.एम. के सीएम हेल्प लाईन में खराब प्रदर्शन पर वित्त आयुक्त को कार्रवाई की अनुशंसा की गई. वहीं डी.डी.ए. पर 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया. बैठक में ई-ऑफिस में लंबे समय से पेंडेंसी फाईलों का समाधान नहीं किए जाने पर सात कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए गए. जिनमें कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक भी शामिल हैं.

साथ ही सितम्बर माह की समीक्षा के दौरान पाया गया कि सहायक संचालक, हथकरघा सुश्री दिव्या पवार, कार्यपालन यंत्री जेके ठाकुर तथा जल संसाधन विभाग का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा और वे शिकायतों के समाधान में सबसे नीचे रहे. कलेक्टर ने लंबित अवमानना प्रकरणों के उत्तर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कितने किसानों को खाद उपलब्ध कराई गई व निजी दुकानों पर दर सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया. अधिकारियों को भौतिक रूप से खाद की उपलब्धता की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए. मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पासपोर्ट कार्यालय और डाकघर भवन के स्थान का शीघ्र निर्धारण करने के निर्देश भी दिए गए.

# औपचारिकता बना जनपद में लगा दिव्यांग शिविर

### हितग्राही बिना पंजीयन के वापस लौटे

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 27 अक्टूबर, सं. जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सोमवार को खिलचीपुर के जनपद कार्यालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र और यूडी आईडी बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया. जो एक औपचारिकता बनकर रह गया. हितग्राहियों को बिना पंजीयन के वापस लोटना पड़ा.**

जिसमें नगर परिषद व जनपद के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई. शिविर में लगभग दोपहर 2 बजे ही उपस्थित डॉक्टर प्रियंका यादव, अभिषेक सिसोदिया, योगेश दांगी लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए गायब हो गये. जनपद ओर नगर परिषद के कर्मचारी ही 2 बजे बाद दिखाई दिये ऐसे में दूर दराज से आए लोग अपने प्रमाण पत्र बनवाये बिना ही दबे पांव वापस हो गए. 15 किलोमीटर दूर सनखेड़ाकला गांव से आए रामगोपाल ने बताया कि शिविर में डॉक्टर साहब मौजूद नहीं है अब ऐसे में हम अपना विकलांगता प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाए अब हमें राजगढ़ किराया खर्च कर मजदूरी खोटी कर जाकर प्रमाण पत्र बनवाना पड़ेगा. सामाजिक सुरक्षा अधिकारी विजय सोनी ने बताया अभी कि शिविर में दोपहर तक करीबन 40 हितग्राहियों का पंजीयन हो चुका है, डाक्टर साहब चले गए तो हम क्या करें हम वरिष्ठ अधिकारी से थोड़ी मना कर सकते हैं. डॉक्टर को वापस बुलाने हेतु सूचना भेजी जा रही है. शिविर में मौजूद कुछ हितग्राही बिना पंजीयन कराये वापस लौट गए.




# गेहूं का रकबा बढ़ने, चना एवं मसूर का कम होने के आसार



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 27 अक्टूबर, का. इस बार जल स्त्रोंतो में पानी की अच्छी खासी उपलब्धता है इससे रबि सीजन में गेहूं की सर्वाधिक बोवनी के आसार है. गेहूं और सरसों का रकबा इस बार बढ़ रहा है तो चना और मसूर का रकबा कम हो रहा है, क्योंकि इन दो फसल को जानवर एवं रोग से नुकसान होने का भय रहता है जिसके चलते चना और मसूर का रकबा इस मर्तबा कम हो रहा है.**

वर्तमान में रबि सीजन की बोवनी का कार्य जारी है. गेहूं, सरसों की बोवनी क्षेत्र में अधिक की जा रही है. गत वर्ष ब्यावरा ब्लॉक में गेहूं का रकबा करीब 65 हजार हेक्टर रहा था. जबकि इस बार गेहूं का अनुमानित रकबा 76 हजार 650 हेक्टर रहने की उम्मीद है. सरसों का अनुमानित रकबा इस बार 3 हजार 735 हेक्टर एवं चना का रकबा घटकर 633 हेक्टर तथा मसूर का रकबा 2925 हेक्टर रहने की उम्मीद है.

*ब्यावरा ब्लॉक में इस रबि सीजन में गत वर्ष की तुलना में गेहूं का रकबा 8 हजार हेक्टर से अधिक बढ़ने की उम्मीद है. सरसों का रकबा भी बढ़ रहा है.*

**एनएस हरियाले**
**वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी**

### जानवर कर जाते हैं फसल चट

चना फसल की बोवनी के साथ ही जानवरों का प्रकोप बढ़ जाता है . जंगली सुअर एवं अन्य जानवर खेतों में चना फसल पर टूट पड़ते है . इनके द्वारा गत वर्ष एवं पूर्व के वर्षो में क्षेत्र में चना फसल को भारी नुकसान पहुंचाया . जबकि मसूर फसल में उकटा नामक रोग लग जाता है . जिसमें फसल की जड़ सडकर पौधा खराब हो जाता है . यही कारण है कि इन कारणों के चलते इस बार चना एवं मसूर फसल की बोवनी का रकबा कम होना सामने आ रहा है . इसकी जगह गेहूं एवं सरसों के रकबे में बढ़ोत्तरी हो रही है .

## श्री पांडव महाराज की शोभायात्रा निकाली

**जीरापुर 27 अक्टूबर, सं.** अखिल भारतीय बागरी समाज द्वारा नगर में श्री कृष्ण पांडव महाराज श्री खाटू श्याम की शोभायात्रा प्रमुख मार्गो से निकाली. आवास कॉलोनी छापी बांध के समीप स्थित श्री कृष्ण पांडव महाराज श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा शुरू हुई. मध्य रास्ते में श्रद्धालु भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. इस अवसर पर मंदिर परिसर में सामाजिक सभा का आयोजन हुआ. जिसमें समाज के वरिष्ठ लोगों ने शिक्षा संगठन एवं सामाजिक उत्थान पर जोर दिया. समाज की उन्नति के लिए पूरा समाज एकजुट होकर प्रयास करें. महाआरती के बाद प्रसाद वितरण कर सहभोज किया. इस मौके पर घीसालाल परमार, शिवनारायण गुजराती, मोहनलाल लोकोपाइलेट, गणपतलाल, मांगीलाल, रघुनाथ, नंदराम, प्रभु लाल, तराना बनेसिंह परमार, सिद्धनाथ, सुरेंद्र, संतोष, बिरमसिंह, दुर्गा लाल, भेरू सिंह, मदनलाल, कंवरलाल, जगदीश, दिलीप करूलाल, कमल सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए.



# शराब दुकान में लूट के आरोपी धराए

**नवभारत न्यूज**

**करनवास 27 अक्टूबर, सं.** करीब 7 माह पूर्व शराब दुकान में हुई लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है. बीते 17 मार्च 25 को फरियादी गौरव सिंह पिता शिवनाथ सिंह राजपूत निवासी नरेला जोड़ अयोध्या नगर बायपास भोपाल रिपोर्ट किया कि अज्ञात आरोपियों द्वारा शराब ठेका करनवास से फरियादी के साथ चाकू डंडों से मारपीट कर 30 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब की लूटकर ले गए हैं की रिपोर्ट पर अपराध धारा 109,309(6),331(4),3(5) इजाफा 317(3)111 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजगढ अमित तोलानी द्वारा जिले में हो रही लूट पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय केएल बंजारे एवं एसडीओपी महोदय ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करनवास उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी किया गया. पूर्व में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया. 27 अक्टूबर 25 को मुखबिर सूचना पर फरार आरोपी देवा उर्फ देवनारायण उर्फ जुनून पिता गोवर्धनलाल यादव उम्र 23 साल निवासी कुल्मीपुरा वार्ड नंबर 2 खुजनेर थाना खुजनेर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया. आरोपी देवा यादव के चोरी के पिकअप तूफान गाड़ी को एवं लूटी गई शराब को अपने पास खेत में छुपा कर रखा तथा आरोपी गणों को भागने व समान छिपाने में सहयोग किया गया था. उपरोक्त सराहनीय कार्य में उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह थाना प्रभारी करनवास, उनि गिरवर सिंह मराबी, आरक्षक सुनील राजावत, विक्रम, प्रदुमन लोधा की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# तनावमुक्त जीवन जीने का रास्ता दिखाता है आनंद विभाग- के एन गुप्ता

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 27 अक्टूबर, सं.** म.प्र.राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग भोपाल व जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिले के कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार शासकीय अधिकारी कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनके दैनंदनीय कार्यों में सकारात्मकता का भाव बढ़ाने की दृष्टि से खिलचीपुर विकासखण्ड में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत के सभागार में किया गया.

कार्यशाला का शुभारंभ के. एन. गुप्ता जिला समन्वयक आनंद विभाग ने मां सरस्वती पूजन कर किया गया। पूजन के पश्चात सरस्वती प्रार्थना की गई. कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के. एन. गुप्ता जिला समन्वयक एवं मास्टर ट्रेनर आनन्द विभाग ने आनंद विभाग का परिचय अल्पविराम का जीवन में महत्व सहित समस्त प्रतिभागियों को जीवन का लेखा जोखा समझाते हुए बताया कि जीवन में अनेक व्यक्तियों द्वारा हमारी मदद की जाती है किन्तु हम उनको मदद के बदले धन्यवाद भी देना भूल जाते हैं. जिस व्यक्ति ने हमारी मदद की है उसमें उसका कोई स्वार्थ नहीं होता वह नि:स्वार्थ भाव से हमारी मदद करता है. हमें ध्यान नहीं होता हमें भी अपने जीवन में हर समय जितना सम्भव हो अधिक से अधिक मदद के लिये आगे बढ़ते रहना है. जितनी हम एक दुसरे की मदद करते हैं ईश्वर किसी न किसी रूप में हमें वापस लौटा देता है.



अल्पविराम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपनी अंतरात्मा की आवाज को पहचानना उसकौ सुनने पर दिया गया. श्री गुप्ता ने बताया कि आनंद हमारे भीतर ही है जबकि आनंद को व्यक्ति इधर उधर खोजता है. इसलिए हमेशा मदद का भाव बढ़ाते रहना होगा ।कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रंग लाल दांगी ने अपने जीवन के अनुभव सांझा कर बताया कि कैसे हम में आनंद बढ़ा सकते हैं. कैसे मेरा आंनद घटता है के बारे में आनंद की कैसे बढ़ सकते हैं समझाया जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार द्वारा हमेशा आनंद से रहकर कार्य करने के बारे में समझाया अंत में कार्यक्रम का आभार जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक नीलेश गुप्ता द्वारा किया गया 7 कार्यक्रम में सतीश कुमार शर्मा, बनवारी मालाकार, दीपक कुमार शर्मा, राजेन्द कुमार दांगी, ज्योति शर्मा, राधा वर्मा, नेहा नामदेव ओम प्रकाश गुप्ता सोमवारिया, अशोक कुमार गुप्ता, संतोष कुमार मेहरा, महिला बाल विकास विभाग नगरपरिषद, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने आनंद के साथ कार्यशाला में भाग लिया.

**मॉक ड्रिल** ▶ **गेल (इंडिया) लिमिटेड ने म्यूचुअल एड पार्टनर्स के साथ ग्राम गोरखपुरा में मॉक ड्रिल किया**

# जेसीबी का पंजा लगते ही पाईप लाइन से गैस रिसाव

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 27 अक्टूबर, का.** गेल (इंडिया) लिमिटेड के द्वारा अपने म्यूचुअल एड पार्टनर्स के साथ सोमवार को गोरखपुरा गांव के समीप एक ऑफ-साइट मॉक ड्रिल की. इसका उद्देश्य गैस पाइप लाइन संचालन के दौरान किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयारियों का आंकलन करना था.

मॉक ड्रिल प्लेटफॉर्म का उपयोग आमजन और प्रशासन के अधिकारियों को बिजली पोल के खतरों, अतिक्रमण तथा थर्ड पार्टी डैमेज से होने वाले खतरों से अवगत कराने के लिए एक जागरुकता मंच के रूप में भी किया गया.

मॉक ड्रिल के दौरान दिखाया गया कि गांव में गैस पाइपलाइन के ऊपर मुरम खोदने के लिए जेसीबी से खुदाई के दौरान पाइपलाइन को क्षति ग्रस्त कर दिया और गैस रिसाव होने लगा जिसकी सूचना एक राहगीर द्वारा गेल के टोल फ्री नंबर 15101 पर दी. टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर उस क्षेत्र की घेराबंदी की. फायर टेंडर और पाइप विभाग की मैंटेनेंस टीम को भी घटनास्थल पर भेजा गया. गेल कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रिसाव स्थल पर पहुंचे. जहां पाया कि रिसाव एक बड़े रिसाव में बदल गया है. तुरंत गेल ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप के लिए अनुरोध किया. प्रशासन को आपातकालीन कॉल किए गए. दमकल टीम, नगरपालिका तथा टीम को तुरंत घटना स्थल पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया.



मॉक ड्रिल में गेल कंपनी के महाप्रबंधक वारा प्रसाद, महाप्रबंधक रंजीत शाह, उप महाप्रबंधक कैप्टन राजकुमार तथा मुख्य प्रबंधक सुशील कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया. गेल कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने पाइप लाइन आरओयू में बिजली के खंभे, ड्रिलिंग या निर्माण गतिविधियों से उत्पन्न संभावित खतरों के बारे में अनुविभागीय (राजस्वर) अधिकारी राजगढ़ को अवगत कराया.

जिला प्रशासन से गैस पाइपलाइन के आर ओ यू क्षेत्र में लगे बिजली खंबो, ट्रांसफार्मर तथा अतिक्रमण को हटाने के लिए सहयोग तथा समर्थन का अनुरोध किया. पाइप लाइन आरओयू में इस तरह के अतिक्रमण से निपटने में जिलाधिकारी ने बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर व अन्य अतिक्रमण हटाने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया.

### जब इलेक्ट्रिक लाइन ने आग पकड़ी

मॉक ड्रिल में बताया गया कि पाइपलाइन से लीक हो रही प्राकृतिक गैस ने पास से गुजर रही इलेक्ट्रिक लाइन में स्पार्किंग के कारण आग पकड़ ली. इसकी जानकारी लगते ही अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति अंकिता जैन, डीसी होमगार्ड डीआर वर्मा, तहसीलदार अनिल शर्मा भी घटनास्थल पर तुरंत पहुंचे. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में नगरपालिका फायर टीम, एसडीआरएफ टीम, मेडिकल टीम, गेल टीम, थिंक गैस (राजगढ़) (म्यूचुअल एड पार्टनर्स) ने फायर मॉक ड्रिल में भाग लिया और आग को तुरंत बुझा दिया गया.

# संभाग स्तरीय इंटर बैण्ड प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान



**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 27 अक्टूबर, सं.** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छापीहेड़ा की बैण्ड टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते संभाग स्तरीय इंटर स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया. यह प्रतियोगिता विद्यालय शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें संभाग के विभिन्न जिलों की विद्यालयीन टीमों ने भाग लिया. प्रशिक्षक रामचंद्र नागर के कुशल निर्देशन में विद्यार्थियों को सफलता मिली. विद्यालय की बैण्ड टीम में निरंतर कमियों को सुधारा जा रहा है ताकि आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन किया जा सके. इस अवसर पर शिक्षक ओम प्रकाश शर्मा, गोविंद प्रसाद कारपेंटर एवं रामबाबू गोस्वामी भी टीम के साथ उपस्थित रहे और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया.